इंडियन फाउंडेशन फॉर दी आर्ट्स (IFA) द्वारा

कला अनुसंधान कार्यक्रम के लिए

प्रस्ताव हेतु आमंत्रण

आवेदन की अंतिम तिथि:: बुधवार, 16 अगस्त, भारतीय समयानुसार 2023, रात्रि 11:59 बजे

यह कला अनुसंधान कार्यक्रम विद्वानों, शोधार्थियों तथा कलाकारों को भारत की कलात्मक विधाओं के इतिहास एवं अभिव्यक्तिओं के अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करता है. यह कार्यक्रम कला के क्षेत्र में विस्तृत दृष्टिकोण, समझ, व्याख्यानों तथा संवाद स्थापित करने के प्रयासों को प्रोत्साहन देता है.

कला अनुसंधान कार्यक्रम ऐसे शोधार्थियों एवं कलाकारों के प्रस्ताव आमंत्रित करता है जो IFA द्वारा संचालित अनुसंधान परियोजना में प्रतिभाग करने में रुचि रखते हों. इन परियोजनाओं के माध्यम से हाशिये पर टिके, अपेक्षाकृत कम खोजे गए क्षेत्रों के अध्ययन; सिद्धांत तथा पद्धति के बीच संवाद स्थापित करने ; कलात्मक विधाओं कि नयी व्याख्या प्रस्तावित करने तथा अन्य चीज़ों के साथ-साथ अंतर्विषयी पद्धति का प्रयोग करके नए वैचारिक आधारों कि नींव डाली जा सकती है.

अनुसंधान परियोजना में शोध के उद्देश्य स्पष्ट होने चाहिए, पृष्ठभूमि का गहन अध्ययन, समीक्षात्मक शोध प्रश्न, सन्दर्भ पर आधारित क्रियाविधियों के साथ-साथ सुनिश्चित निष्कर्षों का होना आवश्यक है जो कि सार्वजनिक मंचों पर साझा किये जायेंगे. यह परिणाम पुस्तकों, निबंधों, फिल्म, वेबसाइटों, या मल्टीमीडिया प्रदर्शनियों आदि के रूप में हो सकते हैं.

इस प्रस्ताव आमंत्रण के अनुवाद को अन्य भारतीय भाषाओं में पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें.

परियोजना की अवधि :

न्यूनतम एक वर्ष एवं अधिकतम 18 माह

बजट:

आप 5,00,000 रुपये तक का बजट निर्धारित कर सकते हैं

अंतिम तिथि:

बुधवार, 16 अगस्त 2023, भारतीय समयानुसार रात 11:59 बजे

आवेदन हेतु अर्हता:

यह अनुसंधान कार्यक्रम विभिन्न विषयों के विद्वानों, शोधकर्ताओं एवं कलाकारों के व्यक्तिगत प्रस्ताव आमंत्रित करता है

यदि आप एक भारतीय नागरिक हैं तो आवेदन हेतु अर्ह हैं . आपके सहयोगियों का भी भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है. (अधिक अर्हता के मानकों के बारे में अधिक जानने हेतु आगे दिए गए लिंक को दबाएं.)

आवेदन की प्रक्रिया :

आपके अंतिम आवेदन में निम्नलिखित को समाहित करना आवश्यक है:

- प्रस्ताव की विषयवस्तु में शोध के स्पष्ट उद्देश्य, पृष्टभूमि का गहन अध्ययन, समीक्षात्मक शोध प्रश्न, सन्दर्भ पर आधारित क्रियाविधि, के साथ सुनिश्चित निष्कर्ष.
- अन्य कोई सहायक सामग्री हो, जो आपके कार्य को अर्थपूर्ण बनाने में सहायक हो.
- आपका बायोडाटा
- बजट का विस्तृत विवरण जो स्पष्ट करता हो कि धनराशि का उपयोग कैसे किया जायेगा. यदि किसी अन्य स्रोत से अनुदान प्रत्याशित हो तो कृपया उसका विवरण भी उल्लिखित करें.
- आपका पता, टेलीफोन नंबर और ई-मेल पता.

सामान्य जानकारी:

यह बजट केवल परियोजना से सम्बंधित कर्मियों, गतिविधियों एवं यात्रा के खर्चों को सुनिश्चित करेगा, साथ ही यदि आवश्यक हो तो यह किराये पर सामान्य उपकरण या अन्य सामान्य सामग्री की व्यवस्था भी कर सकता है. कृपया यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बजट श्रेणी परियोजना के लिए आवश्यक किसी वस्तु पर व्यय से सम्बंधित हो.

आप मानदेय के लिए निवेदन कर सकते हैं , जो कि प्रस्तावित बजट के 35% से अधिक नहीं होना चाहिए.

कृपया संस्थागत खर्चों, भवन निर्माण की लागत या आधारभूत विकास को बजट में सम्मिलित न करें. यह अनुदान किसी उपकरण को खरीदने के पक्ष में नहीं है. लेकिन यदि आपको परियोजना के लिए उपकरण खरीदने की आवश्यकता है, तो परियोजना पूर्ण होने के बाद उपकरणों को IFA को वापस करना अनिवार्य होगा.

चयन प्रक्रिया :

चयनित प्रस्तावों की मूल्यांकन एक बाह्य पैनल द्वारा किया जाएगा और आवेदकों को पैनल के सामने अपनी परियोजना विचारों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता हो सकती है. क्रियान्वयन के लिए चयनित परियोजनाएं दिसंबर 2023 में घोषित की जाएंगी. परियोजना चयनों पर IFA का निर्णय अंतिम होगा.

प्रस्ताव प्रस्तुतीकरण:

आप अपना प्रस्ताव अंग्रेजी सहित किसी भी भारतीय भाषा में भेज सकते हैं . IFA अंग्रेजी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं में भी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करता है,ताकि विभिन्न भाषा सन्दर्भों में संवाद स्थापित करने में योगदान किया जा सके .

यदि आप अपनी प्रस्तावना भेजने से पहले परियोजना के विचारों पर चर्चा करना चाहते हैं या इस संबंध में आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया,सोमवार, 31 जुलाई, 2023 से पहले हर्षिता बथवाल, कार्यक्रम अधिकारी, कला अनुसंधान,(Harshita Bathwal, Programme Officer, Arts Research) को harshita@indiaifa.org पर ईमेल करें. ईमेल के विषय में "कला अनुसंधान के लिए परियोजना प्रस्ताव" (Project Proposal for Arts Research) लिखें.

आपका अंतिम प्रस्ताव, सभी सहायक सामग्री सहित harshita@indiaifa.org पर एक ही ईमेल में जिसका आकार 25 MB से अधिक न हो, बुधवार, 16 अगस्त, 2023, 11:59 PM (IST) तक या उससे पहले जमा किया जाना चाहिए.
कृपया ध्यान दें ,अधूरे प्रस्तावों तथा आवेदक के अर्हता मानकों पर खरे न उतरने की स्थिति में आवेदन मान्य नहीं होगा .

सभी चयनित परियोजनाएं IFA द्वारा कार्यान्वित की जाएंगी.

कृपया ध्यान दें, IFA एक सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो कि बच्चों सहित सभी का सहयोग, सम्मान एवं सुरक्षा करता हो. आवेदक के लिए इसके साथ सामंजस्य बनाए रखना और सदैव इसका पालन करना अनिवार्य है.

यह अनुसंधान कार्यक्रम, BNP Paribas India के सहयोग से संभव हो सका है .